हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 9 जनवरी 2026

10 राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में उलटफेर



12 स्टेडियम बना तबेला : कब्जा कर बने मंदिर और गोशाला






## खबर संक्षेप

### परीक्षा देने घर से निकला छात्र लापता

**झज्जर।** करीब दस दिन पहले कॉलेज जाने के लिए घर से निकले सिलानी केसो गांव के युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया। सिलानी निवासी बबीता पत्नी वीरेंद्र ने बताया कि उसका छोटा बेटा यशू चाहर बीती 29 दिसंबर को परीक्षा देने की बात कहकर कॉलेज के लिए गया था। पौने ग्यारह बजे यशू ने फोन करके कहा कि उसे एनसीसी की क्लास लेनी है इसलिए तीन से चार बजे तक घर लौटेगा। बबीता के अनुसार जब वह चार बजे बाद भी घर नहीं लौटा तो उन्हें चिंता हुई।

### वाहन चालकों को नशे के प्रति किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** यातायात पुलिस बहादुरगढ़ द्वारा सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत आईडीटीआर सेंटर में कॉमर्शियल वाहन चालकों के लिए विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी सतीश कुमार ने चालकों को सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति और साइबर अपराध से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक चालक की जिम्मेदारी है, क्योंकि इससे न केवल स्वयं की बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

### 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप

# क्वालीफाइंग राउंड के कई मैच में उलटफेर

**दिल्ली बिलियर्ड्स एवं स्नूकर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही एचएल सिटी में उपलब्ध खेल सुविधाओं और परिस्थितियों की जमकर सराहना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। क्वालीफाइंग राउंड में अंक अर्जित करने का प्रयास करते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

शहर की एचएल सिटी में स्थित शाइनिंग स्टार्स बैडमिंटन एकेडमी में चल रही 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में क्वालीफाइंग राउंड्स के बाद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। जीडी गोयनका स्कूल की निदेशिका शैलजा जून ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

पुरुषों के स्नूकर क्वालीफाइंग राउंड में गौतम वर्मा ने सायद लराइबअली मूसा को 4-1, विष्णु ने दीपक लवानिया को 4-1, प्रमोद कुमार ने मानव गुप्ता को 4-0, ऋषि खोसला ने मोहित गुप्ता को 4-1, विजय गोयल ने साहिल सुहाग को 4-1, मोहित गुप्ता ने रजत शर्मा को 4-1 और रविश अरोड़ा ने अमित कुमार को 4-2 से हराया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन वीरवार को क्वालीफाइंग राउंड जारी रहे। वीरन शर्मा ने दीपांशु रोहिल्ला को 4-2 से हराया। सुकरन सिंह ने कशिश चंद्रा को 4-1, प्रद्युमन शर्मा ने मनदीप सिंह, हिमांशु सोपरा ने पुनीत कुमार को 4-1, राजेश कुमार ने भवनीत वालिया को 4-2, अकरम हाशमी ने शोभित सेठी को 4-3, सुमित सुतरधर ने पूर्व राष्ट्रीय जूनियर चैंपियन अविनाश कुमार को 4-2 से हराया। शुभम अरोड़ा ने नीरज बग्गा को 4-3, बंटी रात्रा ने अभिषिक्त को 4-1 और आदर्श वर्मा ने आशीष धंडा को 4-0 से मात दी। दिल्ली बिलियर्ड्स एवं स्नूकर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मनमीत भाटिया ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही एचएल सिटी में उपलब्ध खेल सुविधाओं और परिस्थितियों की जमकर सराहना की।


बहादुरगढ़। चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### नेशनल चैंपियनशिप में पांच खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**बहादुरगढ़।** दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में हुई ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में जिले के कराटे खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड सहित कई मेडल जीतकर इलाके का नाम रोशन किया। विजेताओं का जोरदार अभिनंदन किया गया। कोच राजू अहलावत ने बताया कि तीन से चार जनवरी तक यह प्रतियोगिता हुई थी। कई राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गुभाना-माजरी स्थित ऋषिकुल स्कूल के भी खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। यहां के छठी कक्षा के छात्र भविष्य व रियांश ने जोदार प्रदर्शन के बूते गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इसी तरह हिमांशु, निशु व रुद्र ने सिलवर मेडल जीते। मयंक सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की जीत पर डायरेक्टर कुलदीप आर्य ने खुशी जताई है।

# छारा में फैली गंदगी से ग्रामीणों में रोष

**गांव की 18 हजार जनसंख्या पर 6 सफाई कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव छारा में बाबा श्याम सुंदर दास मंदिर के नजदीक अनाज मंडी में लगातार कूड़ा कचरा फैल रहा है। मंदिर के निकट फैली गंदगी के कारण ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना हैं कि गंदगी के समस्या का स्थायी समाधान होना चाहिए।

ग्रामीणों के अनुसार गांव छारा में सिर्फ 6 सफाई कर्मचारी हैं। जबकि गांव की वर्तमान जनसंख्या करीब 18 हजार है। आबादी के अनुसार गांव में कम से कम 10 सफाई कर्मचारी होने चाहिए। गांव में करीब 700 वर्ष पुराने मंदिर के निकट फैली गंदगी से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। यहां आवारा पशु कूड़े में मुंह मारते रहते हैं। कई बार वो पशु हिंसक भी हो जाते हैं और राहगीरों को चोट भी मार देते हैं। शरारती तत्व कई बार इस कूड़े में आग भी लगा देते हैं। जिससे वायु प्रदूषण भी होता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत कूड़ा डालने के लिए निश्चित स्थान नहीं दे पा रही हैं। ना ही आदर्श गांव की तरह हर घर से कूड़े का उठान हो रहा है। ग्रामीण गंदगी में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने गांव में सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है।


बहादुरगढ़। छारा में मंदिर के निकट कूड़े के ढेर से उठता धुआं। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### मनुस्मृति का अपमान करने पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग

**बहादुरगढ़।** गांव कसार सहित इलाके के लोगों ने एसडीएम अभिनव सिवाच को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति के नामित इस ज्ञापन के जरिये मनुस्मृति का अपमान करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने सहित अन्य मांग उठाई गई हैं। कसार के निवासी महेंद्र व अन्य नागरिकों ने कहा कि मनुस्मृति सनातन धर्म का प्राचीन व महत्वपूर्ण ग्रंथ है, इसे नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। मध्यप्रदेश में एक आईएएस द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी के मामले में सख्त कार्रवाई हो। जातिगत के बजाय आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाए, ताकि हर गरीब को लाभ मिले। एसएसटी कानून को खत्म किया जाए।

# आम श्रद्धालुओं को भी गर्भगृह में जल चढ़ाने की मिले अनुमति : शास्त्री

**भाजपा प्रवक्ता विशाल शास्त्री ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलकर की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर एक बार फिर सियासत तेज हो गई है। भाजपा प्रवक्ता विशाल शास्त्री ने आम श्रद्धालुओं को भी गर्भगृह में प्रवेश कर जल चढ़ाने का अवसर देने की मांग उठाई है। इस मुद्दे को लेकर वे दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले।

मुलाकात के दौरान महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की भावनाओं और समान दर्शन व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विशाल शास्त्री ने सीएम नायब सैनी से आग्रह किया कि आम श्रद्धालुओं को भी गर्भगृह में बाबा महाकाल का जलाभिषेक करने की अनुमति मिलनी चाहिए। विशाल के अनुसार भगवान महाकाल केवल विशिष्ट वर्ग या वीआईपी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं। हरियाणा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन दर्शन के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में उनके लिए भी समान और सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। वे मध्यप्रदेश सरकार से बात करें और आम आदमी के लिए गर्भगृह को प्रतिदिन कम से कम 2 घंटे के लिए खुलवाने की व्यवस्था करवाएं।


बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से अनुरोध करते विशाल शास्त्री। फोटो : हरिभूमि

# उद्यमियों ने श्रमिक कल्याण पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के गणपति धाम स्थित कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया का स्वागत किया गया।

इस मौके पर कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, तिलक राज गर्ग व विकास गुप्ता आदि ने उनका स्वागत किया। बैठक में जिले के औद्योगिक विकास, श्रमिक कल्याण तथा आगामी हरियाणा बजट से जुड़ी प्रमुख औद्योगिक आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई।


बहादुरगढ़। उद्यमियों के साथ मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया। फोटो : हरिभूमि

### बुल्लड़ ने किया कटारिया का स्वागत

*बहादुरगढ़। केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर के प्रमुख मीडिया सलाहकार एवं हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान जन चेतना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदेश कटारिया वीरवार को सेक्टर-6 में समाजसेवी बुल्लड़ पहलवान के निवास स्थान पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। सज्जन दलाल, वेदप्रकाश ढुल, सत्ते दलाल, सोमबीर पहलवान, अनिल प्रधान, कृष्ण पहलवान, संशाक दुबे, संदीप रूहिल, सोल्हा पहलवान व शेखर यादव आदि ने उनका स्वागत किया।*

### परनाला में गदा भेंट कर किया सम्मान

*बहादुरगढ़। गांव परनाला-हसनपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मीडिया प्रभारी सुदेश कटारिया का जोरदार स्वागत किया गया। सरपंच मुकेश अशोक राठी के निवास पर सुदेश कटारिया का फूल मालाओं, शाल व गदा भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी, जितेंद्र बामडौली, मोहन खैरपुर, सरपंच मोहित, विकास कानौंदा, अरुण खासा, सन्नी, सचिन, मंजीत कानौंदा, राजीव और श्याम सुंदर सैनी आदि उपस्थित रहे।*


झज्जर। समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविर में सात नागरिकों ने कराईं शिकायते दर्ज

**झज्जर।** वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। शिविर में सात नागरिकों ने विभिन्न विषयों से जुड़ी अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। शिविर के दौरान बिजली, पेयजल आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, राजस्व से जुड़े मामले, पेंशन, अवैध कब्जे, स्वच्छता तथा सड़कों से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए शीघ्र समाधान किया जाए।

# दोबारा खुली शिकायतों के कारणों की जांच के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

वीरवार को एसडीएम अंकित कुमार चौकसे की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में एसडीएम ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें दोबारा खुली हैं, उनके कारणों की जांच की जाए और उनका गुणवत्तापूर्ण निपटान किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष स्वयं ऐसी शिकायतों पर संज्ञान लें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए समाधान करवाएं, ताकि वही शिकायत दोबारा न खुले। इस दौरान नायब तहसीलदार सुरेंद्र शर्मा, उपाधीक्षक राजेश देवी, एसडीओ डॉक्टर ऋषिपाल, एआईपीआरओ डॉक्टर अश्वनी कुमार, जेई प्रवीण अहलावत, पवन कुमार, मंजीत सहित अन्य भी मौजूद रहे।


बेरी। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए एसडीएम अंकित कुमार चौकसे। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। बृजभूषण शरण सिंह को बधाई देते जसबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

### बृजभूषण शरण से मिले जसबीर सैनी

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह से मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बृजभूषण जमीन से जुड़े नेता हैं। पूर्व सांसद ने भी जसबीर सैनी को सैनी समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई शुभकामनाएं दी।

### शहर में हररोज होनी चाहिए पानी की सप्लाई : जून



**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि शहर के लोगों को हर रोज पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। फिलहाल शहर में एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई की जा रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि कांग्रेस राज में हररोज पेयजल की सप्लाई की जाती थी। भाजपा राज में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और बुनियादी सुविधाओं तक को नजरअंदाज किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने बढ़ती आबादी के अनुरूप पेयजल क्षमता बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। न तो नई जलापूर्ति योजनाएं बनाई गईं और न ही मौजूदा व्यवस्था को मजबूत किया गया। फलस्वरूप आज पूरे शहर को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।


बहादुरगढ़। नितिन नबीन से मुलाकात करते अमित पहलवान। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन से मिले अमित

**बहादुरगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव अमित पहलवान कसार ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। अमित पहलवान कसार ने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता से संगठन और सरकार दोनों को लगातार मजबूती मिल रही है।

### निपुण प्रशिक्षण कार्यशाला का निरीक्षण, प्रतिभागियों से किया संवाद

# शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों को अपनाना चाहिए : डीईओ

**निपुण मिशन बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण कदम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

निपुण भारत मिशन के तहत शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यशाला का जिला शिक्षा अधिकारी रतिंदर सिंह व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिभागियों से संवाद भी किया।

डीईओ रतिंदर सिंह ने प्रतिभागी शिक्षकों से विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि निपुण मिशन बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों को अपनाना चाहिए ताकि कक्षा 3 तक सभी बच्चे पढ़ने, लिखने और गणितीय कौशल में निपुण हो सकें। प्राथमिक शिक्षकों की मेहनत से ही नई शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य साकार होंगे। बच्चों को निपुण बनाना अध्यापक की केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि जवाबदेही भी है। जिला निपुण समन्वयक डॉ सुदर्शन पूनिया बताया कि मिशन के तहत जिले में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास तेज किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण सामग्री एवं प्रगति पर संतोष जताया तथा आगे की योजनाओं पर निर्देश दिए। इस अवसर पर बीईओ शेर सिंह, प्राचार्य कर्मवीर तहलान, खंड निपुण समन्वयक सरिता सरोहा आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। प्रशिक्षण कार्यशाला में शिक्षकों को निर्देश देती अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### बेरी खंड के प्राथमिक शिक्षकों व मेंटर्स को दिया प्रशिक्षण

*झज्जर। निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बेरी खंड के प्राथमिक शिक्षकों के लिए चलाया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण वीरवार को संपन्न हो गया। तीन बैच में चले इस प्रशिक्षण के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी सुंदरलाल कौशिक व निपुण खंड समन्वयक देवना ने प्रशिक्षण में शामिल 130 शिक्षकों व मेंटर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मास्टर ट्रेनर बीआरपी सरिता व प्राजंलि ने बताया कि इन दो दिनों में शिक्षकों को रेमेडियल शिक्षण की रणनीति पर कार्य करने बारे समझाया गया, जिसका आधार विभाग की तरफ से किया गया सेंसेस असेसमेंट है। इसमें हिंदी व गणित विषय के निपुण लक्ष्यों के अनुसार विद्यार्थियों की प्रगति को ट्रैक करना, दक्षता आधारित शिक्षण की रूपरेखा, रणनीतियां शामिल हैं। इस मौके पर एबीआरसी संगीता, जयवीर व संपर्क फाउंडेशन से अमित सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*


झज्जर। अधिकारियों व प्रशिक्षकों के साथ उपस्थित प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक व मेंटर्स। फोटो : हरिभूमि

### सहकारी बैंक कर्मियों ने लघु सचिवालय परिसर में दिया धरना

# सेवा सुरक्षा कानून के पात्र कर्मचारियों को मिलना चाहिए लाभः लोकेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ से संबंधित भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के गुरुग्राम रोड स्थित मुख्यालय पर बैंक में कार्यरत सभी अनुबंधित कर्मचारी एकत्रित हुए और लघुसचिवालय परिसर में सांकेतिक धरना दिया और विकास अधिकारी प्रियव्रत को अतिरिक्त मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा।



झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में धरना देते और विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अनुबंधित बैंक कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### सम्मानजनक वेतन दें

जिला संयोजक लोकेश शर्मा ने बताया कि सेवा सुरक्षा कानून के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों को इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून की अधिसूचना तथा मुख्य सचिव के पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि 15 अगस्त 2019 से पूर्व कार्यरत कर्मचारियों को इस कानून का लाभ दिया जाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस पर जारी सेवा सुरक्षा पोर्टल में सहकारी बैंकों को शामिल किया जाना आवश्यक है, ताकि सभी पात्र कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। साथ ही जो कर्मचारी फिलहाल सेवा सुरक्षा कानून के दायरे में नहीं आते हैं, उन्हें सेवा अवधि पूर्ण होने पर इसका लाभ दिया जाए तथा तब तक सम्मानजनक वेतन प्रदान किया जाए।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री धीरज जाखड़, प्रदीप गौच्छी, जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार, राहुल अहलावत, सीमा देवी, सिद्धार्थ कौशिक, अरुण दुजाना, सुरेश अहलावत, रीना, दीपक दलाल, युद्धवीर अहलावत, पुष्पा देवी, शकुंतला, जितेन्द्र सिंह, अनूप सिंह, सावित्री देवी, रीतु शर्मा, हरीश, दीपक शर्मा, अशोक गार्ड, सुखबीर चाहर, राकेश गार्ड, देवेन्द्र अहलावत, सीमा शर्मा, नीतू देवी, रेनू, सुन्दर, पूजा गहलोत, अशोक कुमार, पिंकी देशवाल, अमित गुलिया, विजय कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# डीएवी स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते चार स्वर्ण और एक रजत पदक

- अंडर-14, 38 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती स्पर्धा में अंकित ने गोल्ड मेडल जीता
- अंडर-19, 81 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में तनुज ने रजत पदक जीता


झज्जर। आयोजक टीम सदस्यों के साथ होनहार खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुश्ती, तैराकी एवं भारोत्तोलन जैसी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर चार स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीतकर विद्यालय व जिले का मान बढ़ाया है।

प्राचार्य पंकज वालिया ने बताया कि रायपुर में आयोजित डीएवी राष्ट्रीय खेलों में अंडर-14, 38 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती स्पर्धा में अंकित ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अंडर-17, 45 किलोग्राम भारवर्ग कुश्ती स्पर्धा में दीपांशु ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर-19, 57 किलोग्राम भारवर्ग कुश्ती स्पर्धा में मास्टर रितिक ने अपने दमदार खेल से स्वर्ण पदक जीता और अंडर-19, 81 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में तनुज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त हैदराबाद में आयोजित डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में अंडर बालक वर्ग की 100 मीटर बटरफ्लाई तैराकी स्पर्धा में वंश ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने होनहार खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। मांग पत्र दिखाते हुए पुराने बस स्टैंड परिसर के साथ फड़ व रेहड़ी लगाने वाले दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

# पुराना बस स्टैंड परिसर में नया गेट खोले जाने के फैसले से बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

**बस स्टैंड की दीवार के साथ रेहड़ी लगाकर कर रहे हैं गुजारा**

पुराना बस स्टैंड परिसर में नया गेट खोले जाने की बात से स्टैंड परिसर की दीवार के साथ रेहड़ी व फड़ लगाने वाले दुकानदारों को उनका स्थान छीने जाने का डर सता रहा है। दुकानदार गोलू, मनोज कुमार, रामचंद्र, अनीता, कृष्णा, बिमला, राजबाला, दीपक, राजिंद्र, लक्ष्मी आदि ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से पुराने बस स्टैंड की दीवार के साथ अपनी फड़ व रेहड़ी लगाकर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। इस परिसर में पहले से ही चार रास्ते हैं। एक अन्य रास्ता खोले जाने के बाद उनकी फड़ की जगह छिन जाएगी। उन्होंने नगर परिषद से गुहार लगाई है कि नए रास्ता खोले जाने का प्रस्ताव रद्द कर उन्हें समस्या से छुटकारा दिलाया जाए।

**पत्रकार वार्ता में बोले सांसद**

# वीबी-जी रामजी योजना से गांवों में आएगी रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई क्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- कांग्रेस लोगों को भ्रम में डालकर कर रही दुष्प्रचार: जांगड़ा

वीबी-जी रामजी योजना मनरेगा के मुकाबले बेहतर योजना है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ लोगों को भ्रम में डालकर जीरामजी योजना का दुष्प्रचार कर रही है। जबकि यह योजना श्रमिकों के कल्याण और गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह बात राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा भ्रष्टाचार का केंद्र बनी हुई थी। उस दौर में मनरेगा भ्रष्टाचार, फर्जी परियोजनाओं और धन की लूट का माध्यम बन गई थी।


झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा।

बीते दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवाएं, डीबीटी, आधार लिंकिंग और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। विकसित भारत जीरामजी केवल रोजगार का वादा नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका की गारंटी है। जीरामजी योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत करेगी। गरीब, जनजाति और पिछड़ा वर्ग को रोजगार मिले, उसके लिए यह कानून आया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। इस कानून में पुराने प्रावधानों को संशोधित करते हुए गांवों को अधिक अधिकार और स्वायत्तता दी गई है।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला प्रभारी कैप्टन भूपेंद्र, प्रवक्ता प्रियदर्शनी, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, दिनेश कौशिक, संजय कबलाना, मनीष बंसल, गीतांशु चावला आदि मौजूद रहे।


झज्जर। दौड़ में भागीदारी करतीं गर्ल्स कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

# 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में सी कंपनी के सौरव की टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

**संस्कारम् पब्लिक स्कूल खातीवास में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन**

संस्कारम् पब्लिक स्कूल खातीवास में आठ हरियाणा एनसीसी बटालियन रेवाड़ी द्वारा आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन एनसीसी कैडेट्स के लिए स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कैंप कमांडेंट कर्नल वीरेंद्र मोहन सिंह ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स के लिए अनुशासन और शारीरिक दक्षता उतनी ही जरूरी है जितनी कि सैन्य ट्रेनिंग। इस दौरान आयोजित 100 मीटर दौड़ के जूनियर बॉयज वर्ग में कंपनी सी के अंकित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिंस और वाहिद खान क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

सीनियर बॉयज में सी कंपनी से प्रतीक मिश्रा और जूनियर गर्ल्स में ए कंपनी से कशिश यादव ने स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रकार 200 मीटर स्पर्धा के जूनियर बॉयज वर्ग में डी कंपनी के नितिन और सीनियर बॉयज में आर्यन ने बाजी मारी। 400 मीटर दौड़ में जूनियर बॉयज से डी कंपनी से शिवम, जूनियर गर्ल्स में बी कंपनी से सुनीता, सीनियर गर्ल्स वर्ग में ए कंपनी से डॉली ने पहला स्थान हासिल किया। टीम स्पर्धाओं में 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में सी कंपनी के सौरव, नितेश, अक्षय शर्मा और जगमोहन की टीम को प्रथम स्थान मिला। लड़कियों की इसी स्पर्धा में ए कंपनी की अंजलि, तमन्ना, भतेरी और अंजलि बेनीवाल ने जीत दर्ज की।

#### मेडल सेरेमनी आज

एनसीसी कार्यवाहक मनीष योगी ने बताया कि शुक्रवार को मेडल सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष समारोह में संस्कारम् ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए विजेता कैडेट्स को सम्मानित करेंगे। इस दौरान कैडेट्स के अनुशासन और कौशल को परखने के लिए परेड ड्रिल और ड्रिल प्रैक्टिस का आयोजन भी किया जाएगा।

# महिलाओं को किया स्वरोजगार के लिए प्रेरित

### पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने अंबोली में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा वीरवार को क्षेत्र के गांव अंबोली में उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आरसेटी द्वारा दिए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षणों की जानकारी दी गई। संस्थान से संकाय सतपाल सिंह ने बताया कि महिलाओं के उत्थान के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह समाज की प्रगति और समृद्धि के लिए आवश्यक है।



झज्जर। प्रशिक्षणों की जानकारी देते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और उसे साकार करती हैं, तो यह न केवल उनके जीवन को सुधारता है, बल्कि पूरे समाज को भी लाभ पहुंचाता है। आशीष शर्मा ने महिलाओं को बैंक में खाता खुलवाने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा व जीवन ज्योति बीमा आदि के साथ-साथ ऋण योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

#### 60 तरह के प्रशिक्षण निःशुल्क दिए जा रहे

संकाय सतपाल सिंह ने कहा कि महंगाई के इस दौर में अकेले पुरुष की कमाई से घर चलाना मुश्किल है। इसलिए महिलाओं को आत्मनिर्भर होना चाहिए ताकि वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकें। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संस्थान द्वारा 60 तरह के अलग-अलग प्रशिक्षण निःशुल्क दिए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूह की सदस्या निशा ने बताया कि फिलहाल संस्थान में ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# असंतुलित बाइक पेड़ से टकराने से मौत दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया


झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में उपस्थित मृतक के परिजन। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। क्षेत्र के गांव गोठड़ा व झामरी के बीच दादरी के बीच असंतुलित बाइक पेड़ से जा टकराई जिस कारण बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव झाड़ली निवासी करीब 34 वर्षीय कुलदीप पुत्र कर्ण सिंह के तौर पर हुई है। पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में उपस्थित परिजनों ने बताया कि कुलदीप खेती बाड़ी का काम करता था। वह बुधवार को किसी काम से बाइक पर चरखी दादरी गया था। जब वह काम निपटाने के बाद रात को वापिस लौट रहा था तो गोठड़ा व झामरी गांव के बीच उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में कुलदीप की मौत हो गई। मृतक एक लड़के व एक लड़की का पिता था। पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

**त्योहार की तैयारी** वीरवार को मौसम खुला होने के कारण बच्चों ने लिया पतंगबाजी का आनंद

**दुकानदार बोले-अगले सप्ताह में अच्छी बिक्री होने की उम्मीद**

# मकर संक्रांति को लेकर अब गली मोहल्लों में सजी पतंगों की स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मकर संक्रान्ति का पर्व नजदीक आने के साथ ही क्षेत्र के बच्चों और युवाओं में पतंगबाजी को लेकर उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। वीरवार को खुले मौसम के चलते बच्चों व युवाओं ने पतंगबाजी का खूब आंनद लिया। ऐसे में जहां पतंगों की दुकानों व स्टॉलों पर युवाओं की भीड़ दिखाई दी वहीं कई युवा घरों की छतों पर पतंगे उड़ाते भी दिखाई दिए। उधर, पतंग विक्रेताओं का कहना है कि उन्होंने मकर संक्रान्ति की तैयारियों को लेकर माल मंगवा लिया है, लेकिन पतंगों की बिक्री उनकी उम्मीद के हिसाब से नहीं हो रही। केवल रविवार को छोड़ कर अन्य दिनों में बिक्री जोर नहीं पकड़ रही। अब आगामी सप्ताह में बिक्री होने की उम्मीद है।



झज्जर। भट्टी गेट में एक दुकान पर चारपाई पर सजाई गई पतंगें और पांच सौ रुपये वाला पतंग दिखाते पंतग निर्माता सुमित। फोटो : हरिभूमि

पतंगों वाली गली के नाम से बनी पहचान : शहर के मेन बाजार स्थित मस्जिद के पास की गली तो हर वर्ष पतंग लगाए जाने के कारण पतंगों वाली गली के नाम से अपनी पहचान बना चुकी है। इस गली के दुकानदारों का कहना है कि पहले इस गली में शहर के अलावा आस-पास के गांवों से भी पतंगबाजी के शौकीन छोटे बच्चों व युवाओं द्वारा पतंगों की खरीददारी की जाती थी। लेकिन अब बदलते समय के अनुसार जहां छोटे बच्चे अधिकतर मोबाइल गेम्स में व्यस्त रहते हैं वहीं गांव के दुकानदार भी अब पतंगे रखने लगे हैं। जिस कारण गांव का ग्राहक यहां नहीं पहुंच पाता। इसके अलावा शहर के गली-मौहल्लों में भी पतंगों की स्टॉले सजने लगी हैं। दुकानदारों ने बताया कि कोहरे के मौसम के कारण पॉलीथिन की बनी चमकीली पंतगें भी बिक रही हैं। इन पतंगों का कोहरे के दौरान गीला होने का खतरा कम रहता है। बता दें कि आस-पास के क्षेत्र में केवल झज्जर शहर ही ऐसा है जहां मकर संक्रान्ति पर पतंगबाजी की जाती है। आमतौर पर अन्य जगहों पर स्वतंत्रता दिवस या तीज के मौके पर पतंगबाजी होती है।

#### 50 से 500 रुपये के पतंग भी मार्केट में

वैसे तो आमतौर पर पांच रुपये व दस रुपये तक की कीमत वाले पतंग की बिक्री अधिक रहती है लेकिन आजकल मार्केट में बड़े लोगों की पसंद को देखते हुए 50 रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक की कीमत के पतंग भी उपलब्ध है। सिलानी गेट स्थित वाल्मीकि मंदिर वाली गली में पतंग बनाने वाले युवा सुमित ने बताया कि वह तथा उनके पिता सतीश पतंग निर्माण का कार्य करते हैं। वे आर्डर पर पचास रुपये से लेकर पांच सौ रुपये कीमत तक का पतंग बना रहे हैं। बूढ़े पतंग के नाम से पहचान बना चुके ये पतंग बड़ी आयु वर्ग के लोगों की पसंद बने हैं। पांच सौ रुपये वाला पतंग करीब पांच फुट तक ऊंचा एक विशाल पतंग है। सुमित के अनुसार इनके अलावा उन्होंने एक होटल संचालक के आर्डर पर एक हजार रुपये की कीमत वाले करीब दस फुट ऊंचे तीन पतंग भी बनाए हैं।



झज्जर। लड़कियों की प्रदेश स्तरीय टीम के साथ उपस्थित अतिथि व शूटिंग बॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप के लिए महाराष्ट्र रवाना हुई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- लड़कों की टीम के मैनेजर मुकुल कुमार और लड़कियों की टीम के मैनेजर सुमित होंगे

44वीं सीनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली प्रदेश की टीम को वीरवार को रवाना किया गया। एशियाई शूटिंग बॉल के कोषाध्यक्ष जेपी कादियान ने बताया कि लड़के व लड़कियों की टीम को हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट अनिल खत्री, हरियाणा तैराकी संघ के सह सचिव सुरेश जून, सुरेंद्र ठेकेदार, रिटायर्ड डीएसओ रमेश हुड्डा, रिटायर्ड डीपीई सतबीर देशवाल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने बताया कि लड़कों की टीम में सिरसा से राकेश, हितेन व कार्तिक, फतेहाबाद से सुरेश, हिसार से मोनू, भिवानी से रोबिन, फरीदाबाद से कृष्ण और नितेश, गुरुग्राम से राहुल जून तथा झज्जर से सुमित, नवदीप व जयप्रकाश शामिल हैं। इस टीम के मैनेजर मुकुल कुमार होंगे। लड़कियों की टीम में हिसार से शर्मिला, करनाल से तुन व मुस्कान, भिवानी से सुमित, शर्मिला व आरती, रोहतक से हिना तथा झज्जर से सुनिधि, तनु, नेहा, दीपिका व अंशु शामिल हैं। इस टीम के कोच की जिम्मेवारी राजेश कुमार व मैनेजर सुमित को सौंपी गई है।

**सूचना**

हम श्री जय प्रकाश पुत्र श्री जागे राम एवं राजो पत्नी श्री जय प्रकाश निवासी म. नं. 293/ए वार्ड नं. 4 शंकर गार्डन लाईन पार बहादुरगढ़ जिला झज्जर बयान करता हूं कि हमारा लड़का हरीश पुत्र श्री जय प्रकाश हमारे कहे सुने से बाहर हैं। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, परमजीत पुत्र श्री जगदेव सिंह, निवासी ग्राम सोलधा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर यह घोषणा करता हूं कि मेरी संपत्ति से संबंधित रजिस्ट्री नंबर-1127 दिनांक 28-08-2002 एवं रजिस्ट्री नंबर-9819 दिनांक 13-10-2021, जो ए1-302, तृतीय तल, सेक्टर-55, सुशांत लोक फेज-2, गुरुग्राम स्थित है, दिनांक 11-12-2025 को गांव सोलधा में कहीं गुम हो गई है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त रजिस्ट्री मिलती है, तो कृपया मेरे उपरोक्त पते पर संपर्क करने का कष्ट करे।

**सूचना**

मैं, रेखा रानी पत्नी श्री सुरेंद्र दहिया, निवासी गली नंबर-1, धर्म विहार कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर यह घोषणा करती हूं कि मेरी संपत्ति से संबंधित बिक्री विलेख (सेल डीड) नंबर 5401 दिनांक 08-11-2024, जो 4 कनाल 10 मरले 3 सरसाई भूमि, ग्राम बरकताबाद से संबंधित है, दिनांक 30-12-2025 को कहीं गुम हो गई है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दस्तावेज मिले तो कृपया मेरे उपरोक्त पते पर संपर्क करने का कष्ट करें।

## खबर संक्षेप

### शीतलहर व ठंड से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

**झज्जर।** सरकार द्वारा आमजन के साथ साथ पशुओं को सर्दी व शीतलहर से बचाव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की गई है।


स्वप्निल रविन्द्र पाटिल, डीसी झज्जर।

डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि आमजन सावधानी बरतकर सर्दी से अपना व अपने पशुओं का बचाव कर सकते हैं। सर्दी से बचाव के लिए आमजन अपने पास पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। उन्होंने बताया कि सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें। बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें। रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें। उन्होंने कहा कि रात के समय पशुओं के आवास को सभी तरफ से ढक दें ताकि ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क में आने से बचाया जा सके।

### जांगिड़ ब्राह्मण महासभा का सम्मान समारोह 11 को

**झज्जर।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा आगामी 11 जनवरी को मेन बाजार स्थित जांगिड़ धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष प्रवीण जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जहां समाज की एकता को सुदृढ़ बनाने व समाजहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। वहीं जिला स्तरीय प्रतिभा व वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन 12 तक

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों तथा सर्वश्रेष्ठ गैर-सरकारी संगठनों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जनवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं का सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाना है।

---

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में बदहाली की शिकायत पर मौका देखने गए एसडीएम

# स्टेडियम बना तबेला : कब्जा कर बने मंदिर और गोशाला तो एचएसवीपी से मांगी रिपोर्ट

*स्टेडियम की चारदीवारी को तोड़कर गोबर व उपले डाले जा रहे, खिलाड़ियों को आ रही दिक्कत*

■ स्टेडियम का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को दिए सफाई के दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली रोड स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में कब्जों व अव्यवस्था की शिकायतों पर एसडीएम अभिनव सिवाच ने संज्ञान लिया है। वीरवार को एसडीएम ने स्टेडियम परिसर का दौरा कर हालातों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दरअसल, स्टेडियम बदहाली व कब्जों से जूझ रहा है। यहां सरकारी जमीन पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे हैं। यहां जमीन पर कब्जा कर मंदिर और गोशाला का निर्माण कर लिया गया है। स्टेडियम की चारदीवारी को भी तोड़ दिया गया है, जबकि दीवार से सटे एक मकान ने स्टेडियम की ओर दरवाजा तक खोल लिया है। कब्जों के अलावा स्थिति यह है कि स्टेडियम परिसर के अंदर गोबर के उपले और अन्य वेस्ट डाला जा रहा है। इससे खेल मैदान की हालत और ज्यादा खराब हो गई है। खेल संसाधनों का भी यहां घोर अभाव है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बहादुरगढ़ के एसडीएम अभिनव सिवाच ने स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कुछ शेड व अवैध निर्माण देखने को मिले हैं। इस संबंध में एचएसवीपी से रिपोर्ट ली जाएगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। खेल परिसरों की मूल संरचना से छेड़छाड़ अथवा अतिक्रमण किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जाए, ताकि खिलाड़ियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके।

खेल के मैदान पर गोवंश का डेरा


**बहादुरगढ़।** बादली रोड स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में अवैध रूप से बनाई गई गोशाला व मंदिर।


**बहादुरगढ़।** स्टेडियम का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम अभिनव सिवाच।


**झज्जर।** खेल स्टेडियमों की स्थिति को लेकर बैठक में समीक्षा करते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

## डीसी ने खेल स्टेडियमों के हालात पर सर्वे के दिए निर्देश

■ हर स्टेडियम की अलग-अलग विस्तृत रिपोर्ट तैयार होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों की बैठक में जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के खेल स्टेडियमों की स्थिति, रखरखाव तथा उपलब्ध खेल सामग्री की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला के हर स्टेडियम की अलग-अलग विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। कौन से स्टेडियम में किस सामान की जरूरत है, मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी और किसी प्रकार की मरम्मत की जरूरत होने पर एस्टीमेट तैयार करें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं जिला खेल अधिकारी ने बैठक में डीसी को खेल स्टेडियमों की स्थिति, मरम्मत कार्यों तथा खेल उपकरणों की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि झज्जर, बहादुरगढ़, बेरी के अलावा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 17 खेल स्टेडियम में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

---

*दुकानों के आगे नालों को साफ करके दो दिन से नहीं उठाई गंदगी*

# सफाई से कमाई पर लगा ग्रहण

■ गंदगी की वजह से कई दुकानदार दुकानें बंद रखने को हुए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था को लेकर नगर परिषद द्वारा शुरू किया गया नालों की सफाई का कार्य दुकानदारों के आफत बना है। दुकानों के आगे बनी स्लैब को तोड़कर नालों से बाहर निकाली गंदगी दूसरे दिन भी न उठाए जाने के कारण दुकानदारों में रोष रहा। अधिकांश दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद रखनी पड़ी। कुछ दुकानदार खुद ही अपनी दुकानों के आगे नाले को ढकते दिखाई दिए वहीं कुछ दुकानदार पानी से दुकान के सामने पड़ी गंदगी साफ करते हुए भी नजर आए।


**झज्जर।** दुकानों के आगे पड़ी गंदगी साफ करते हुए दुकानदार।

**पक्के स्लैब तोड़कर की जा रही सफाई**

दुकानदारों का कहना है कि स्लैब तोड़ कर नालों की बेहतर सफाई करना अच्छी बात है लेकिन नगर परिषद को दुकानदारों को आने वाली परेशानियों का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई दुकानदार ऐसे हैं जो बीस से पच्चीस हजार रुपये दुकानों का किराया देते हैं। ऐसे में दो-दो दिन दुकान बंद रखने से उन्हें परेशानी आ रही है। नगर परिषद अधिकारियों ने दूसरे दिन गंदगी उठाने की बात कही गई थी लेकिन उसे नहीं उठाया गया। ऐसे में दुकानदारी प्रभावित हो रही है। बता दें नगर परिषद द्वारा बीते मंगलवार से नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को जेसीबी के जरिए दुकानों के सामने किए पक्के स्लैब तोड़कर नालों की सफाई की गई थी। बड़े स्तर पर चलाए गए इस अभियान के दौरान अंबेडकर चौक से पुराना बस स्टैंड तक की दुकानों के सामने गंदगी पसरी रही।

---

*पुलिस ने कहा- पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा कारणों का खुलासा*

# एक जनवरी से संपर्क में नहीं था प्रवासी श्रमिक, बंद कमरे से मिला सड़ा हुआ शव

## साथी के लापता होने के चलते परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव जाखोदा में स्थित एक बंद कमरे से संदिग्ध परिस्थितियों में प्रवासी व्यक्ति का शव मिला है। शव कई दिन पुराना है और बाहर से कमरा बंद था। मृतक के साथ कमरे में रहने वाला शख्स भी लापता है। लिहाजा परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मृतक की पहचान करीब 40 वर्षीय मोहम्मद कुर्बान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद कुर्बान बिहार के समस्तीपुर जिले का रहने वाला था। वह पांच बेटी व एक लड़के यानी छह बच्चों का पिता था। बीवी-बच्चे गांव में रहते हैं। पिछले कुछ समय से यहां जाखोदा में किराये पर रह रहा था और सेक्टर-17 स्थित एक कंपनी में काम करता था। अक्सर उसकी परिवार से फोन पर बातचीत होती रहती थी। लेकिन गत एक जनवरी से कोई संपर्क नहीं हुआ तो परिजनों को चिंता हुई। बुधवार को उसका भाई जाखोदा स्थित उसके कमरे पर पहुंचा। बताते हैं कि बाहर से कमरे की कुंडी बंद थी और ताला लगा हुआ था। लेकिन असहनीय दुर्गंध फैली हुई थी और कमरे का दरवाजा खोला तो मोहम्मद मृत अवस्था में था।


मृतक मोहम्मद कुर्बान का फाइल फोटो व अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन।

**शराब की बोतलें मिलीं**

सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। इसके बाद पुलिस ने वीरवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करवाई। शव करीब सप्ताहभर पुराना प्रतीत होता है और पूरी तरह से सड़ चुका था। व्यक्ति की मौत कैसे हुई, यह फिलहाल रहस्य बना हुआ है। बॉडी सड़ी होने के चलते शरीर पर किसी तरह के निशान भी नजर नहीं आए हैं और पुलिस ने भी फिलहाल किसी तरह की पुष्टि नहीं की है। हालांकि मामले में ये जरूरी सामने आया है कि मोहम्मद कुर्बान के साथ कमरे में रहने वाला अजय नाम का लड़का लापता है। कमरे से पुलिस को शराब की बोतलें भी बरामद हुईं हैं।

---

### कैंटर और जेसीबी से बैटरी चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव गंगड़वा में सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों से बैटरी चोरी हो गई। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में गंगड़वा के निवासी अक्षय ने कहा है कि रात को अपनी दुकान के पास उन्होंने अपना कैंटर खड़ा किया था। छह जनवरी की सुबह देखा तो कैंटर से एक बैटरी गायब मिली। इसके कुछ ही दूरी पर खड़ी जेसीबी की भी बैटरी गायब थी। हमने अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। अज्ञात चोर बैटरियां निकालकर ले गए हैं। वहीं, बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चरस के साथ 4 गिरफ्तार, 2 को पुलिस रिमांड पर लिया

■ पुलिस ने कार की तलाशी में एक किलो 200 ग्राम चरस बरामद की, हिमाचल से लाए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हिमाचल प्रदेश से हरियाणा लाई जा रही चरस के साथ पुलिस ने चार आरोपियों का गिरफ्तार किया है। इनसे एक किलो 200 ग्राम चरस बरामद हुई है। दो आरोपियों को 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

मांडोठी चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मातनहेल निवासी प्रियांशु अपने तीन साथियों के साथ हिमाचल प्रदेश से चरस खरीदकर एनएच-334बी के रास्ते झज्जर की ओर आ रहा है। इस पर पुलिस टीम ने भापड़ौदा फ्लाईओवर के पास सांपला से झज्जर जाने वाली लेन पर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध नंबर की कार आती दिखाई दी, जिसे रोककर जांच की गई। कार में प्रियांशु निवासी मातनहेल, दीपेंद्र निवासी मातनहेल, सतबीर और कृष्ण निवासी उत्तर प्रदेश सवार थे। शक के आधार पर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली गई, जिसमें वाहन से एक किलो 200 ग्राम चरस बरामद हुई। इस संबंध में थाना आसौदा में मामला दर्ज कर आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। अदालत के आदेश पर प्रियांशु और कृष्ण को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि अन्य दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 5.87 ग्राम हेरोइन के साथ युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुलिस की एवीटी सेल ने नहर पर स्थित छठ माता मंदिर के निकट एक युवक को हेरोइन के साथ काबू किया। आरोपी की पहचान विकास निवासी सांखोल के रूप में हुई है। आरोपी के पास से 5.87 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

---

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

---

**रौनक** लोहड़ी व संक्रांति को लेकर मूंगफली, गजक, रेवड़ी, पॉपकॉर्न और तिल के लड्डू से सजे बाजार

*मकर संक्रांति पर सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि जैसे शुभ योग भी बन रहे इससे महत्व बढ़ा*

# मकर संक्रांति पर एकादशी समेत बने कई शुभ योग

■ मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में लोहड़ी और मकर संक्रांति को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे शहर के प्रमुख बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। मूंगफली, गजक, रेवड़ी, पॉपकॉर्न, तिल के लड्डू और अन्य पारंपरिक वस्तुओं की दुकानों से बाजार सजे हुए हैं। इस साल मकर संक्रांति के दिन अद्भुत शुभ संयोग बन रहा है। संक्रांति के साथ-साथ इस साल एकादशी भी उसी दिन रहने वाली है। इसके साथ उस दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि जैसे शुभ योग बन रहे हैं, जिससे इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

पंचांग के मुताबिक इस साल मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा। बुधवार को धनु राशि से मकर राशि में सूर्य का प्रवेश दोपहर 3:07 बजे हो रहा है। मकर संक्रांति का पर्व सूर्य उपासना, दान-पुण्य और पितृ तर्पण के माध्यम से जीवन में नई ऊर्जा, आशा और सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश देता है। यही कारण है कि यह पर्व सनातन संस्कृति में आस्था, विश्वास और कल्याण का प्रतीक माना जाता है। पंडित महेंद्र शर्मा ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं, जिसकी वजह से मकर संक्रांति पर्व और भी पुण्य फलदायी बन गया है। इस बार की मकर संक्रांति के दिन वृद्धि योग बन रहा है। संक्रांति पर रात के समय में ध्रुव योग बन रहा है। इस दिन पूरे समय ज्येष्ठा नक्षत्र है। साथ ही इस दिन माघ कृष्ण एकादशी भी है।


**बहादुरगढ़।** वीरवार शाम गजक मूंगफली खरीदता एक व्यक्ति।

**बाजार चमके**

लोहड़ी और मकर संक्रांति के कारण बाजारों में खरीदारी भी बढ़ी है। लोहड़ी का त्योहार खासतौर पर पंजाबी परिवारों में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसे लेकर घर-घर में विशेष तैयारियां चल रही हैं। लोहड़ी की शाम को अग्नि प्रज्वलन कर उसमें मूंगफली, रेवड़ी, पॉपकॉर्न और तिल अर्पित करने की परंपरा निभाई जाती है। बाजारों में आकर्षक पैकिंग वाली गजक और रेवड़ी की मांग भी तेजी से बढ़ी है। मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ से बनी चीजों का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन तिल-गुड़ खाने और बांटने से आपसी रिश्तों में मिठास आती है। इसी परंपरा के कारण तिल के लड्डू और गुड़ की गजक की मांग बाजारों में खूब देखी जा रही है।

*भगवान विष्णु को समर्पित है दिन*

## षटतिला एकादशी पर करें तिल का प्रयोग : गुलशन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

माघ कृष्ण पक्ष की एकादशी को षटतिला एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु को तिल और तिलों से बनी चीजें अर्पित करने का विधान है। यह दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु जी को समर्पित होता है। इस दिन विष्णु भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए व्रत का पालन किया जाता है। अबकि बार एकादशी का उपवास 14 जनवरी को रखा जाएगा। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि षटतिला एकादशी को तिल बहुत ही महत्व है। इस दिन पानी में तिल मिलाकर स्नान करना लाभदायी माना गया है। इस दिन व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में तिल का प्रयोग करना चाहिए।


पंडित गुलशन शर्मा।

**6 प्रकार है प्रयोग**

पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि षटतिला एकादशी का व्रत करने से आयु और आरोग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन तिल का छह प्रकार से प्रयोग करने से व्यक्ति को रोगों से मुक्ति मिलती है। आयु में वृद्धि होती है। एकादशी का व्रत करने से नेत्र के रोग दूर होते हैं। इस व्रत को करने से भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूर्ण कृपा प्राप्त होती है। धन-संपदा में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि सूर्य के उतरायण होने के साथ ही मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष बात है कि 23 वर्षों के बाद मकर संक्रांति के दिन षटतिला एकादशी का दुर्लभ संयोग बन रहा है इससे इस पर्व का धार्मिक महत्व और बढ़ गया है। इस वर्ष मकर संक्रांति विशेष रूप से फलदायी मानी जा रही है। मकर संक्रांति के साथ ही खरमास की समाप्ति हो जाती है।